**RVNL/SECY/STEX/2023** **13.08.2023**

| | |
|---|---|
| **National Stock Exchange of India Ltd.**<br>Exchange Plaza,<br>Plot no. C/1, G Block,<br>Bandra-Kurla Complex,<br>Bandra (E), Mumbai - 400 051.<br>Scrip: **RVNL** | **BSE Ltd.**<br>Department of Corporate Service,<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street,<br>Mumbai- 400 001.<br>Scrip: **542649** |

**Sub: Publication of Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) for the quarter ended 30th June, 2023**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, please find attached a copy of Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) of RVNL for the quarter ended 30th June 2023, as published in Newspapers (English & Hindi).

This is for your information and record.

Thanking you,

Yours faithfully,
**For Rail Vikas Nigam Limited**

KALPANA DUBEY
Digitally signed by KALPANA DUBEY
Date: 2023.08.13 19:04:04 +05'30'

**(Kalpana Dubey)**
**Company Secretary & Compliance Officer**

सहायता नंबर पर मिले आंकड़ों के आधार पर दिल्ली महिला आयोग का दावा

# दिल्ली के नरेला में घरेलू हिंसा के सबसे ज्यादा मामले

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली , 12 अगस्त।

दिल्ली महिला आयोग ने अपने सहायता नंबर (हेल्पलाइन नंबर) पर मिले आंकड़ों के आधार पर दावा किया है कि गत सात वर्षों में राजधानी में घरेलू हिंसा के सबसे ज्यादा मामले आए हैं। आंकड़ों के मुताबिक सहायता नंबर पर घरेलू हिंसा के 8,342 मामले आए। वहीं इस मामले में नरेला सबसे आगे रहा। यहां 2,976 मामले सामने आए हैं। स्वाति मालीवाल ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मलेन में सहायता नंबर के आंकड़े जारी करते हुए यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि परेशानी में फंसे लोगों के सात वर्षों में 40 लाख फोन प्राप्त हए। इनमें पिछले एक साल में (जुलाई 2022 से जून 2023 के बीच) 6.30 लाख से ज्यादा बार फोन किया गया। उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन के माध्यम से इस अवधि के दौरान घरेलू हिंसा, पड़ोसियों के साथ संघर्ष, दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न, यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पाक्सो) अपहरण व साइबर अपराध जैसे 92,004 मामले सामने आए।



उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि चूंकि पुलिस सीधे तौर पर उनके प्रति जवाबदेह है इसलिए वे एक बैठक बुलाएं और उपराज्यपाल, केंद्रीय गृह मंत्री, मुख्यमंत्री, पुलिस आयुक्त और डीसीडब्लू को आमंत्रित करें। इन आंकड़ों पर चर्चा के लिए एक बैठक आयोजित करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि राजधानी में घरेलू हिंसा के सबसे ज्यादा 38,342 मामलो की शिकायत आई। वहीं क्षेत्रवार बात करें तो नरेला घरेलू हिंसा के मामले में आगे रहा। यहां घरेलू हिंसा के 2,976 मामले सामने आए हैं । इसके बाद पड़ोसियों के साथ झगड़े के 9,516 मामले, बलात्कार और यौन उत्पीड़न के 5,895 मामले, पाक्सो के 3,647 मामले, अपहरण के 4,229 मामले और साइबर अपराध के 3,558 मामले हैं। 1,552 गुमशुदा शिकायतें भी मिली हैं।

इसके अलावा, आयोग को दहेज उत्पीड़न के 2,278 मामले, चिकित्सा में लापरवाही के 790 मामले, देह व्यापार के 156 मामले, तस्करी के 40 मामले, बाल विवाह के 69 मामले, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के 67 मामले, बाल श्रम के 66 मामले, अवैध शराब और नशीली दवाओं के 63 मामले, आनर किलिंग के 54 मामले, और इसके अलावा और भी कई तरह की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ।

आयोग को सेवा संबंधी 1319 मामले, संपत्ति विवाद के 421 मामले, पुलिस उत्पीड़न के 354 मामले, आश्रय गृहों के 348 अनुरोध, महिलाओं पर खतरनाक हमले के 298 मामले और चोरी के 235 मामले भी प्राप्त हुए हैं। आयोग को ट्रांसजेंडरों से 58 और पुरुषों से 137 शिकायतें मिली हैं।

आयोग को सबसे ज्यादा मामले नरेला इलाके से यानी 2976 मामले मिले हैं। इसके बाद भलस्वा डेयरी से 1651, बुराड़ी से 1523, कल्याणपुरी से 1371 और जहांगीरपुरी इलाके से 1221 मामले शामिल हैं। बलात्कार और यौन उत्पीड़न के मामले सामने आने में शीर्ष 5 स्थान, बुराड़ी से 175 मामले, नरेला से 167 मामले, गोविंदपुरी से 105 मामले, उत्तम नगर से 89 मामले और सुल्तानपुरी इलाके से 86 मामले हैं। नरेला से 141, भलस्वा डेयरी से 91, समयपुर बादली से 71, प्रेम नगर से 68 और निहाल विहार से 66 मामले आए। नरेला में अपहरण के सबसे ज्यादा 209 मामले सामने आए हैं। इसके बाद भलस्वा डेयरी से 106, बुराड़ी से 75, बवाना से 71 और संगम विहार से 63 हैं।

## छापा मारने पहुंची पुलिस पर लोगों ने किया हमला, कई घायल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 अगस्त।

बाहरी उत्तरी जिला के समयपुर बादली इलाके में शराब और जुए के अड्डे पर छापा डालने पहुंची स्पेशल स्टाफ की टीम पर लोगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने पुलिसकर्मियों पर दौड़ा-दौड़ाकर छड़ और डंडों से हमला किया। जान बचाने के लिए पुलिसकर्मियों ने हवा में गोली चलाई। मामले की सूचना मिलते ही थाने के अन्य कर्मी मौके पर पहुंचे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। घायलों की पहचान एएसआइ विजेंद्र, हेड कांस्टेबल प्रदीप, राबिन और सतेंद्र के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार रात करीब 8.30 बजे जिले के स्पेशल स्टाफ में तैनात हेड कांस्टेबल सतेंद्र को सूचना मिली कि राजा विहार, समयपुर बादली औद्योगिक इलाके में शराब और सट्टेबाजी का अड्डा चल रहा है। जिसको मांगे और प्रीत सिंह उर्फ भोला चला रहे हैं। सूचना मिलते ही एएसआइ विजेंद्र, हेड कांस्टेबल प्रदीप, राबिन और सतेंद्र ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा। मौके पर पहुंचकर उन्होंने देखा कि कुछ लोग शराब पी रहे हैं और कुछ सट्टा खेल रहे हैं। पुलिसकर्मियों ने अपना आइकार्ड दिखाकर उन्हें पकड़ने की कोशिश की। इसी दौरान आरोपी भोला वहां आ गया और उसने अपने भाई मांगे को भी बुला लिया। दोनों भाई पुलिस कर्मियों के साथ गाली-गलौज करने लगे। इस बीच वहां मौजूद अन्य लोग भी पुलिस टीम के साथ मारपीट करने लगे।

दोनों भाइयों ने अपनी बहन और परवेश नामक एक युवक को आवाज देकर बुलाया। जिनके हाथ में डंडे और लोहे की छड़ थी। हेड कांस्टेबल ने फोन से वीडियो बनाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनका फोन छीन लिया और पुलिस टीम पर हमला करना शुरू कर दिया। भीड़ को तितर बितर करने के लिये हेड कांस्टेबल राबिन ने एक गोली हवा में चलाई। इसी बीच भोला की बहन ने हेड कांस्टेबल सतेंद्र के सिर पर लोहे की छड़ मार दी।

## खबर कोना

### आइजीएल की पाइप लाइन में धमाका, दो लोग घायल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 अगस्त।

गोविंदपुरी थाना क्षेत्र में शनिवार शाम इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आइजीएल) के निर्माणाधीन साइट की पाइप लाइन में अचानक जोरदार धमाका हो गया। धमाके की चपेट में आने से एक व्यक्ति और एक साइकिल सवार शख्स घायल हो गए। घटना के बाद दोनों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल गोविंदपुरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

### राघव चड्ढा ने एक्स पर अपना परिचय बदला

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 अगस्त।

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर अपना परिचय शनिवार को बदलकर 'निलंबित संसद सदस्य' कर दिया। एक दिन पहले चड्ढा को नियमों के घोर उल्लंघन, कदाचार, अपमानजनक रवैये और अवमाननापूर्ण आचरण के लिए राज्यसभा से विशेषाधिकार समिति की रपट आने तक निलंबित कर दिया गया। सदन के नेता पीयूष गोयल ने राघव चड्ढा द्वारा नियमों का उल्लंघन किए जाने तथा सदन की एक समिति के लिए चार सदस्यों का नाम उनकी सहमति लिए बिना प्रस्तावित करने का मुद्दा उठाया।

### स्वतंत्रता दिवस पर मेट्रो सेवा सुबह पांच बजे से शुरू होगी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 अगस्त।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर लोगों की समारोह स्थल तक पहुंच सुगम बनाने के लिए मेट्रो की सेवाएं मंगलवार को सुबह पांच बजे से चालू हो जाएंगी। पांच से छह बजे तक सभी लाइनों पर आधे घंटे के अंतराल पर गाड़ियां मिलेंगी। वहीं सुरक्षा कारणों से दिल्ली मेट्रो स्टेशनों व मेट्रो लाइनों के नीचे स्थित पार्किंग सोमवार सुबह छह बजे से मंगलवार दोपहर दो बजे तक बंद रहेगी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के प्रधान कार्यकारी निदेशक ने कहा कि सभी लाइनों पर दिल्ली मेट्रो ट्रेन सेवाएं सभी टर्मिनल स्टेशनों से सुबह पांच बजे से शुरू होंगी।








**30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण** (रू. करोड, में ईपीएस को छोड़कर)

| क्र. सं | विवरण | एकल | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.06.2023 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) | 30.06.2022 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) | 30.06.2023 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) | 30.06.2022 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2023 (लेखापरीक्षित) |
| 1. | प्रचालनों से राजस्व | 5,446.25 | 5,721.25 | 4,640.75 | 20,281.57 | 5,571.57 | 5,719.83 | 4,640.75 | 20,281.57 |
| 2. | अन्य आय | 280.36 | 261.24 | 241.17 | 1,003.94 | 281.61 | 256.05 | 237.58 | 996.47 |
| 3. | कुल आय | 5,726.61 | 5,982.49 | 4,881.92 | 21,285.51 | 5,853.18 | 5,975.88 | 4,878.33 | 21,278.04 |
| 4. | कर पूर्व लाभ (पीबीटी) | 476.55 | 481.51 | 358.56 | 1,644.38 | 486.80 | 496.09 | 373.23 | 1,798.15 |
| 5. | कर पश्चात लाभ (पीएटी) | 333.57 | 345.28 | 283.10 | 1,267.97 | 343.09 | 359.25 | 297.67 | 1,420.55 |
| 6. | अवधि/वर्ष हेतु कुल सम्मिलित आय/(हानि) | 333.61 | 345.33 | 284.17 | 1,268.88 | 343.13 | 359.32 | 298.74 | 1,421.60 |
| 7. | इक्विटी शेयर पूंजी | 2,085.02 | 2,085.02 | 2,085.02 | 2,085.02 | 2,085.02 | 2,085.02 | 2,085.02 | 2,085.02 |
| 8. | संचेय (पुर्नमूल्यन संचेय छोड़कर) | - | - | - | 4,394.13 | - | - | - | 5,240.10 |
| 9. | प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | मूल | 1.60 | 1.66 | 1.36 | 6.08 | 1.65 | 1.72 | 1.43 | 6.81 |
| | तनुकृत | 1.60 | 1.66 | 1.36 | 6.08 | 1.65 | 1.72 | 1.43 | 6.81 |

* 30.06.23, 31.03.23 और 30.06.22 को समाप्त तिमाही के लिए ईपीएस वार्षिक नहीं किया गया

नोट :
1) उपरोक्त एकल/समेकित वित्तीय परिणामों का पुनरीक्षण और सुझाव लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा उनकी दिनांक 12 अगस्त, 2023 को सम्पन्न बैठक में किया गया है।
2) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 (संशोधित) के विनियम 33 के तहत आवश्यक है, कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही के लिए उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
3) अंतिम तिमाही के आंकड़े पूरे वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और संबंधित वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक के प्रकाशित वर्ष- दर- तारीख के अलेखा परीक्षित आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।
4) एकल/समेकित वित्तीय परिणाम भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी – एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसाकि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के साथ पठित कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 के निबन्धनों और यथासंभव अन्य मान्य लेखांकन पद्धतियों और नीतियों के अधीन अधिसूचित है।
5) कम्पनी/समूह एक एकल प्रतिवेदनीय प्रचालन खंड 'रेल अवसंरचना का विकास' में परिचालन करता है। अतः आईएनडी एएस 108 – प्रचालन खंड के अनुसार कोई पृथक प्रचालन खंड नहीं है।
6) धारा 115BAA को जारी कराधान कानून (संशोधन) अध्यादेश, 2019 के माध्यम से आयकर अधिनियम, 1961, में शामिल किया गया है, जो घरेलू कंपनियों को 01 अप्रैल, 2019 से कम दरों पर कॉर्पोरेट टैक्स का भुगतान करने के लिए एक गैर-प्रतिवर्ती विकल्प का उपयोग करने में सक्षम बनाता है। कुछ शर्तों के अधीन कंपनी ने अभी तक इस विकल्प का प्रयोग नहीं किया है।
7) 'कृष्णापट्टनम रेलवे कंपनी लिमिटेड (केआरसीएल) के संबंध में, आरवीएनएल भारतीय रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग के लिए संहिता के पैरा 1137 में दिए गए विस्तृत अनुमान/संशोधित अनुमान/पूर्णता अनुमान के अनुसार काम की कुल लागत के 5% की दर से विभागीय शुल्क के लिए हकदार है। आरवीएनएल को केआरसीएल से अनुबंध संबंधी दायित्वों से अन्य छूटों के अलावा उपरोक्त विभागीय प्रभारों की छूट के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है। केआरसीएल द्वारा किए गए अभ्यावेदन के आधार पर, कंपनी के प्रबंधन ने उक्त विभागीय प्रभारों के दावे को कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा विषय वस्तु की विस्तृत समीक्षा के लिए लंबित रखने का निर्णय लिया है।
8) पूर्व अवधियों/वर्ष के आंकड़े, चालू अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए, जहां आवश्यक है, पुनर्समूहित/पुनर्वर्गीकृत/ पुनर्व्यवस्थित किए गए हैं।
9) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही हेतु एकल/समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com, www.nseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.rvnl.org पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते रेल विकास निगम लिमिटेड
हस्ता/-
प्रदीप गौड़
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 07243986

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12.08.2023

From #LocalRailinfra to #GlobalAllinfra

रेल विकास निगम लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, अगस्त क्रांति भवन, भीकाजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली, दक्षिण दिल्ली – 110066
सीआईएन : L74999DL2003GOI118633, ईमेल : investors@rvnl.org

Follow us:
@rvnl_official @railvikasindia @RailVikas @rvnl
rvnl_official Rail Vikas Nigam Limited Rail_Vikas_Nigam